हिंदी दैनिक खबर

# केशव न्यूज

रविवार 3 अगस्त 2025 बर्ष 01 अंक 87 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com



**अनमोल वचन**

कड़ी मेहनत और विश्वास रखने वालो को सफलता मिलती है, और जिनको सफलता मिलती है उनकी दुनिया ही बदल जाती है।

## सरकार की मुफ्त बिजली योजना को लेकर विद्युत विभाग ने दी महत्वपूर्ण जानकारी, जानें 125 यूनिट योजना का पूरा लाभ कैसे उठाएं

### पुराने नंगे तार होंगे इतिहास, शहरी क्षेत्रों में तेज़ी से बदली जा रही वायरिंग

संवाददाता केशव न्यूज



संवाददाता केशव न्यूज । बिहारशरीफ (नालंदा) । बिहार सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को लेकर ग्रामीण विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहारशरीफ के कार्यपालक अभियंता इंजीनियर रूपक कुमार ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक घरेलू उपभोक्ता को हर महीने 125 यूनिट बिजली निःशुल्क दी जा रही है। यह सुविधा सभी श्रेणी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लागू है, जिससे हजारों परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ हो रहा है।

**125 यूनिट तक फ्री, उससे अधिक पर ही देना होगा शुल्क**

इंजीनियर रूपक कुमार ने स्पष्ट किया कि अगर कोई उपभोक्ता 125 यूनिट तक बिजली की खपत करता है, तो उसे कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। लेकिन यदि खपत 125 यूनिट से एक यूनिट भी अधिक होती है, तो उपभोक्ता को केवल उस अतिरिक्त यूनिट का ही भुगतान करना पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी उपभोक्ता ने 130 यूनिट बिजली खर्च की है, तो उसे सिर्फ 5 यूनिट का ही बिल देना होगा। बाकी 125 यूनिट सरकार की ओर से मुफ्त दी जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि यह योजना स्मार्ट मीटर से जुड़े उपभोक्ताओं पर भी समान रूप से लागू है। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक की बिजली पर कोई कटौती नहीं की जाएगी। लेकिन जैसे ही खपत 125 यूनिट से अधिक होती है और उसका भुगतान नहीं किया गया होता है, तब बिजली की आपूर्ति रोकी जा सकती है।इंजीनियर रूपक कुमार ने बताया कि अगर किसी उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन 1 किलोवाट का है, तो उसे हर महीने 40 रुपया फिक्स्ड चार्ज देना अनिवार्य है। इसके साथ ही जो अतिरिक्त यूनिट उपभोक्ता खर्च करता है, उस पर 6: की दर से विद्युत शुल्क (ड्यूटी) भी लागू होगा। उन्होंने साफ किया कि उपभोक्ताओं को सिर्फ इन्हीं मदों में भुगतान करना है। किसी भी तरह की छिपी हुई या अनावश्यक वसूली नहीं की जाएगी।

बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर इंजीनियर रूपक कुमार ने बताया कि शहर क्षेत्र में पुराने और खतरनाक नंगे तारों को हटाकर केबल वायरिंग का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें दिन–रात इस काम में जुटी हुई हैं ताकि लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

## वैश्विक स्तर पर सैंड आर्टिस्ट ने रचा सबसे बड़ा इतिहास, प्रतिष्ठित लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ मधुरेंद्र नाम, दुनियां के सबसे पहला सैंड आर्टिस्ट बने मधुरेंद्र

### लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ बिहार के सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र का नाम, दुनियांभर में रचा इतिहास




संवाददाता केशव न्यूज । बिहार / मोतिहारी। बिहार के सपूत और अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है। मधुरेंद्र का नाम प्रतिष्ठित लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कर लिया गया है, जिससे वे दुनिया के पहले ऐसे सैंड आर्टिस्ट बन गए हैं जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। महज 31 वर्ष की उम्र में मधुरेंद्र ने आधुनिक समकालीन कला के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

ब्रिटिश संसद (लंदन) में आयोजित विशेष समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अविनाश डी. सकुंडे और यूरोपीय संघ के प्रमुख डॉ. इवान गैसीना ने संयुक्त रूप से उन्हें प्रमाण–पत्र, स्मृति–चिन्ह, अंगवस्त्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

रेत और पत्तियों से कला रचने वाले मधुरेंद्र ने अब तक 5000 से अधिक कलात्मक रचनाएं बनाई हैं, जिनमें सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, मानवीय मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े विषय शामिल हैं। इन रचनाओं के जरिए उन्होंने समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. अविनाश डी. सकुंडे ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि मधुरेंद्र ने एक नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनने का कार्य किया है। उन्होंने जिस रचनात्मकता के साथ सामाजिक विषयों को रेत और पत्तियों के माध्यम से उजागर किया है, वह अभूतपूर्व है। इसलिए लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की प्रमाणन संख्या एलबीओडब्ल्यूआरई401990 में उनका नाम दर्ज किया गया है।

वहीं यूरोपीय संघ के प्रमुख डॉ. इवान गैसीना ने भी मधुरेंद्र की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इतने कम उम्र में इतनी बड़ी कलात्मक विरासत रचना एक असाधारण बात है। उन्होंने कहा कि मधुरेंद्र ने अपनी कला के माध्यम से दुनियाभर में भारत की संस्कृति, संवेदना और सृजनशीलता को स्थापित किया है। लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम द्वारा जून 2025 में कराए गए एक वैश्विक सर्वेक्षण में मधुरेंद्र कुमार को 95 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया के टॉप ग्लोबल आर्टिस्ट के रूप में चुना गया। यह सर्वे 10 से 17 जून के बीच अमेरिका, रूस, चीन, श्रीलंका, कनाडा और यूरोप के कई देशों में कराया गया था। इस दौरान मधुरेंद्र की रचनात्मकता और उनके सामाजिक प्रभाव को अंतरराष्ट्रीय पटल पर सबसे ज्यादा सराहा गया।

सोशल मीडिया पर भी मधुरेंद्र की इस उपलब्धि की जमकर सराहना हो रही है। देशभर से नेता, शिक्षक, कलाकार और आमजन उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री रामदास अठावले ने भी उन्हें इस उपलब्धि के लिए विशेष बधाई दी है।



## रिटायर्ड क्लर्क के बंद घर में चोरी, लाखों के गहने और नकदी गायब

संवाददाता केशव न्यूज । हिलसा (नालंदा) – नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया और लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित देवनंदन प्रसाद एसयू कॉलेज से रिटायर्ड क्लर्क हैं, जो छह दिन पहले अपने पूरे परिवार के साथ असम स्थित छोटे बेटे के पास गए थे। घर बंद था और इसका फायदा उठाकर चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दे दिया।

शनिवार सुबह जब पड़ोसियों ने घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा, तो संदेह होने पर उन्होंने भीतर झांका। घर के कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

चोरों ने घर का मेन गेट तोड़ने के बाद ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर के चार कमरों के ताले तोड़े। गोदरेज, अलमारी और संदूकों को खंगालकर उसमें रखे सोने–चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। अभी चोरी गई कुल संपत्ति का मूल्य स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान में लाखों की चोरी बताई जा रही है।

चोरी की सूचना फैलते ही गांव में गुस्से का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि जब मुख्य सड़क पर स्थित घरों में भी चोरियां हो रही हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा कैसी होगी? लोगों ने पुलिस की गश्ती और निगरानी व्यवस्था पर सवाल'' उठाए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही हिलसा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि परिवार फिलहाल बाहर गया हुआ है, इस वजह से चोरी गए सामान का आकलन फिलहाल नहीं हो सका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) और डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी है और जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।










# छठ पूजा से पहले ग्रामीणों को मिला तोहफा, सीढ़ी घाट और पीसीसी नाली का उद्घाटन

## हर पंचायत तक विकास के वादे को जमीन पर उतारते दिखे मंत्री डॉ. सुनील कुमार





संवाददाता केशव न्यूज : बिहार शरीफ (नालंदा) – बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार ने शनिवार को विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने दोसूत पंचायत के बनवारीपुर मोरा गांव में विधायक निधि से सात लाख रुपये की लागत से बनाए गए सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया। यह घाट छठ महापर्व सहित अन्य धार्मिक अवसरों पर मि. हलाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष रूप से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इसके बाद डॉ. कुमार ने अंबा पंचायत के मिल्कीपर गांव में 7.30 लाख रुपये की लागत से वार्ड संख्या 08 में वीरेंद्र चौहान के मकान से जवाहर साव के घर होते हुए पासवान टोली से पंचाने नदी के किनारे तक पीसीसी नाली एवं ढलाई निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस कार्य के पूरा होने से वर्षा के मौसम में जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी और गांव के निवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित रास्ता मिलेगा।इसी क्रम में उन्होंने मोरातालाब मंडल के पतासंग पंचायत अंतर्गत पतासंग गांव में भी एक और सीढ़ी घाट का लोकार्पण किया। यह घाट भी छठ पूजा के दौरान ग्रामीणों के लिए विशेष सहूलियत प्रदान करेगा और धार्मिक आस्था से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करेगा। सभी निर्माण कार्य विधायक निधि से पूरे किए गए हैं और गुणवत्ता को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई है।

जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह सिर्फ उद्घाटन कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रयास क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और बुनियादी ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार और वे स्वयं हर पंचायत, हर गांव, हर वार्ड तक विकास कार्यों को पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। डॉ. कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में चल रही ग्रामीण विकास योजनाओं की सराहना की और कहा कि बिहार का गांव–गांव अब प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी और ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित आवश्यक कार्यों को अब धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे जनजीवन में वास्तविक पि. रवर्तन दिखाई दे रहा है।

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना से प्रभावित हुए ग्रामीण

## एमआरसी कर्मचारी, स्थायी नियुक्ति या मानदेय वेतन की उठाई मांग



संवाददाता केशव न्यूज बिहार शरीफ (नालंदा ) – बिहार सरकार की ओर से लागू की गई 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना जहां एक ओर आम जनता के लिए राहत भरी साबित हो रही है, वहीं दूसरी ओर इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत एमआरसी (मैनुअल रीडिंग कर्मी) की रोजी–रोटी पर संकट मंडराने लगा है। इसको लेकर दर्जनों एमआरसी कर्मचारी बिहारशरीफ ग्रामीण विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय पहुंचे और कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर अपनी समस्याएं सामने रखीं।

इस मौके पर एमआरसी रघुवीर प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वे लोग वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल की रीडिंग और वितरण जैसे कार्य कमीशन के आधार पर करते आ रहे हैं। पहले उन्हें हर उपभोक्ता से मिलने वाले बिल के हिसाब से कमीशन मिलता था, जिससे उनकी मासिक आमदनी लगभग 15,000 रुपया से 20,000 रुपया तक हो जाती थी। इससे उनके परिवार का खर्च अच्छी तरह चलता था।

लेकिन अब सरकार द्वारा लागू की गई 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के कारण कई उपभोक्ताओं का बिल श्शून्यश आ रहा है, जिससे उन्हें कोई कमीशन नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन, एमआरसी कर्मियों की आमदनी घटकर 5,000 रुपया प्रतिमाह से भी कम हो गई है, जो उनके लिए जीवन यापन के लिहाज से बेहद कठिन साबित हो रहा है।

### सरकार से की स्थायीत्व और सैलरी आधारित रोजगार की मांग

रघुवीर प्रसाद ने कहा, हम सरकार से मांग करते हैं कि या तो हमें स्थायी कर्मचारी के रूप में बहाल किया जाए, या फिर हमें मासिक वेतनमान (मंडे सैलरी) पर रखा जाए, ताकि हमारे परिवार का जीवन संकट में न पड़े। हम वर्षों से विभाग की सेवा में हैं, और अब इस तरह हमारी अनदेखी की जा रही है।

एमआरसी कर्मियों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। गर्मी, बरसात और त्योहारों में भी उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं के दरवाजे जाकर मीटर रीडिंग और बिल वितरण का कार्य किया है। अब जब योजना के चलते उनका आय स्रोत खत्म हो रहा है, तो सरकार को चाहिए कि उन्हें कोई वैकल्पिक रोजगार या नियमित नौकरी दी जाए।

बताया जा रहा है कि विद्युत कार्यपालक अभियंता ने एमआरसी कर्मियों की बातों को गंभीरता से सुना और उनके सुझावों व मांगों को विभागीय स्तर पर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया। हालांकि इस पर कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया गया।



# अधिग्रहण के बावजूद नहीं हटे भूस्वामी, प्रशासन ने चलवाया बुलडोज़र

## एनएच–20 सर्विस रोड निर्माण में अड़चन बने घरों पर की गई कार्रवाई

संवाददाता केशव न्यूज : बिहार शरीफ (नालंदा) – ाबिजवनपर रेलवे क्रॉसिंग के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग–20 परियोजना के तहत अधिग्रहित भूमि पर बने घरों को शनिवार को प्रशासन ने बलपूर्वक हटाने की कार्रवाई शुरू की। भूमि अधिग्रहण के बावजूद जब कुछ भूस्वामी जमीन खाली करने से लगातार इनकार कर रहे थे, तब अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ के निर्देश पर अंचलाधिकारी प्रभात रंजन के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोज़र चलवाया।

कार्रवाई के दौरान सीडीपीओ पूनम कुमारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी विश्वजीत कुमार, जीविका के बीपीएम प्रकाश कुमार पासवान और दीपनगर थाना की पुलिस बल मौजूद रही।भारतीय राष्ट्रीय रा. जमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के अनुसार, कमरपुर–पहाड़पुर मौजा अंतर्गत बिजवनपर रेलवे क्रॉसिंग के पास सर्विस रोड निर्माण का कार्य लंबे समय से रुका हुआ था। कारण यह था कि अधिग्रहण के बावजूद कई भूस्वामी अपनी जमीन पर बने मकानों और ढांचों को खाली नहीं कर रहे थे।

एनएचएआई अधिकारी ने बताया कि यह भूमि पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 के तहत अधिग्रहित की जा चुकी थी। संबंधित भूखंडों के मालिकों को कई बार सूचना व नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन वे अड़े रहे।अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई अगले तीन दिनों तक जारी रहेगी। इसके तहत अधिग्रहित क्षेत्र से सभी निर्माण पूरी तरह हटा लिए जाएंगे, जिससे निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रह सके।इस अभियान के दौरान पुलिस की कड़ी निगरानी में कार्रवाई शांतिपूर्वक की गई। मौके पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

गौरतलब है कि रजौली–बख्तियारपुर एनएच–20 परियोजना क्षेत्र में सर्विस रोड का निर्माण क्षेत्रीय यातायात के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय प्रशासन को उम्मीद है कि अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण कार्य अब तेज़ी से आगे बढ़ेगा, जिससे आमजन को सुगम परिवहन की सुविधा मिल सकेगी।

# नालंदा में करंट लगने से ग्रामीण चिकित्सक की मौत

## नेबुलाइजर मशीन ऑन करते समय हादसा, अस्पताल पहुंचने से पहले गई जान



संवाददाता केशव न्यूज : बिंद (नालंदा) – नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र अंतर्गत अहियाचक गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से एक ग्रामीण चिकित्सक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिला अंतर्गत फतुहा थाना क्षेत्र के कश्मीरिया गांव निवासी अरविंद पासवान के 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकास कुमार पिछले कुछ वर्षों से अपने ससुराल अहियाचक गांव में रहकर ग्रामीण चिकित्सक के रूप में कार्यरत थे। हादसे के समय वे एक बच्चे को नेबुलाइजर मशीन से भाप देने की प्रक्रिया में लगे हुए थे। उसी दौरान मशीन को बिजली से जोड़ने के लिए जैसे ही उन्होंने बिजली बोर्ड में प्लग लगाया, वे करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन तत्काल उन्हें आनन–फानन में इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतक विकास कुमार अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार पर अचानक ग़मों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके असामयिक निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

हादसे की जानकारी मिलते ही बिंद थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें करंट लगने की सूचना मिली थी। मृतक के परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए थे, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। हालांकि परिजन ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार करते हुए उसे अपने साथ गांव ले गए।

लोगों ने प्रशासन से मांग की कि ग्रामीण चिकित्सकों के लिए बिजली से जुड़े उपकरणों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।






# सड़क पर स्टंट बना मौत की वजह, नरसंडा फोरलेन पर तेज रफ्तार ने छीनी जान

संवाददाता केशव न्यूज : नालंदा (चंडी)। नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत करौटा राजगीर टूरिस्ट वे पर स्थित जगतपुर गांव के पास शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी विनोद मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे में मुकेश का दोस्त सन्नी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज एक निजी क्लिनिक में जारी है।

बर्थडे पार्टी में जा रहे थे दोनों युवक

घटना को लेकर मृतक के मामा रामबाबू ने बताया कि मुकेश अपने गांव के ही दोस्त सन्नी कुमार के साथ बाइक से हरनौत में आयोजित एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहा था। रास्ते में नरसंडा फोरलेन के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के क्रम में मुकेश ने दम तोड़ दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर करीब 25 से 30 युवक बाइक पर सवार होकर स्टंट कर रहे थे। कई युवक हाथों में तलवार लहरा रहे थे और लहरिया कट मारते हुए तेज गति से बाइक चला रहे थे। इसी दौरान सालेहपुर की ओर से आ रही एक कार से एक बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद आक्रोशित युवकों ने कार को घेर लिया और कार सवार लोगों पर हमला कर दिया। तलवार से लैस युवकों ने कार के शीशे तोड़ दिए और कार सवारों की पिटाई कर दी, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। इसके बाद हमलावर बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

घटना की जानकारी मिलने के बाद चंडी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पह. ुंचे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया है। मृतक का शव कब्जे में लेकर बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बर्थडे पार्टी के लिए बड़ी संख्या में युवक बाइक से एक साथ निकले थे। इसी दौरान सड़क पर असंतुलित स्थिति बनी और हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवेदन मिलने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा को मिली दो नई सड़कों की सौगात, मंत्री श्रवण कुमार ने किया शिलान्यास


संवाददाता केशव न्यूज : नालंदा के स्थानीय विधायक एवं बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नालंदा जिले को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। कुल 79 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इन सड़कों का शिलान्यास समारोह ध. ूमधाम से संपन्न हुआ।

पहली परियोजना के तहत राणा बिगहा स्थित एनएच–20 (दीपनगर) से नई डी. आरसीसी भवन तक की सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसकी अनुमा. नित लागत 25 लाख रुपए है। वहीं, दूसरी परियोजना में राणा बिगहा पक्की सड़क से जिला स्कूल होते हुए सिपाह पुल तक की सड़क का निर्माण 53 लाख 90 हजार रुपए की लागत से होगा।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और यह क्षेत्रीय विकास के लिए एक नई दिशा तय करेगा।

**नीतीश सरकार का विकास मॉडल ग्रामीणों तक पहुँचा**

मंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार की विकास नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि



सरकार का लक्ष्य केवल शहरी क्षेत्रों का विकास नहीं है, बल्कि राणा बिगहा जैसे ग्रामीण इलाकों तक विकास की किरण पहुँचाना प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने इसे सरकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन का प्रमाण बताया।

मंत्री ने जानकारी दी कि इस क्षेत्र में 898 लोगों को वृद्धा पेंशन, 74 को दिव्यांग पेंशन तथा 292 विधवाओं को विधवा पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक समय पर सरकारी सहायता पहुँचाना सरकार की मूल जिम्मेदारी है।

भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि नालंदा में 50 करोड़ रुपए की लागत से एक भव्य रिवर फ्रंट का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना न सिर्फ शहर की सुंदरता में वृद्धि करेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

मंत्री ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य है कि प्रत्येक पंचायत में चरणबद्ध तरीके से विकास योजनाएं लागू की जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरी स्तर की आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।










**अनमोल वचन**

कड़ी मेहनत और विश्वास रखने वालो को सफलता मिलती है, और जिनको सफलता मिलती है उनकी दुनिया ही बदल जाती है।

